CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2016 - Set 200

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 2 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक उदाहरण देते हुए अधिकतम **10-10** शब्दों में दीजिए :

(i) प्रारंभिक हुक किन रेखाओं पर नहीं लगाया जाता है ?

(ii) वक्र रेखाओं के अंदर लगाए गये एक प्रारंभिक बड़े हुक से किस व्यंजन का योग होता है ?

(iii) किसी व्यंजन में तर या दर का योग करने के लिए क्या करते हैं ?

(iv) अंतिम न के बाद स्वर आए तो न के लिए हुक का प्रयोग करेंगे या रेखा का ?

(v) यदि अंतिम स के बाद स्वर या द्विस्वर आए तो वृत्त का प्रयोग क्यों नहीं किया जाता है ?

(vi) म रेखा से पहले किस र का प्रयोग किया जाता है ?

2. दुगुनी रेखाओं के अंत में हुक लगने पर तर, दर आदि की ध्वनि अंत में पढ़ी जाती है या हुक से पहले ? दो उदाहरण देकर बताइए।

OR

2. व्यंजन पर काट का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए -

(क) राजनीतिक दल

(ख) समाचार पत्र

(ग) प्रधानमंत्री

(घ) शिक्षा विभाग

3. किन परिस्थितियों में न तथा फ हुकों का प्रयोग सरल रेखाओं पर नहीं किया जा सकता है ? दो-दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

4. पुनरावृत्ति का क्या अर्थ है ? आशुलिपि में इनके लिए क्या विशेष विधि अपनाई जाती है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

5. रेखाओं को काटने के सिद्धान्त तथा उपसर्ग प्रत्यय में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

6(क). निम्नलिखित शब्दों के आशुलिपि रूप लिखिए :

(i) धर्म

(ii) अधर्म

(iii) प्रिय

(iv) अप्रिय

6(ख). व्यंजन ङ को किन व्यंजनों के लिए दुगुना किया जाता है। दो उदाहरण दीजिए।

7. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(1) आत्म विश्वास।

(2) कार्य क्षेत्र।

(3) क्रमबद्ध।

(4) ग्रामवासी।

(5) क्रमानुसार।

8. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(1) मार्च।

(2) बुधवार।

(3) कृषि महकमा।

(4) पौने नौ।

(5) पांच सौ पैंसठ।

9. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए :

(1) मिसाल के तौर पर।

(2) मुझे प्रसन्नता है कि।

(3) रहन-सहन का स्तर।

(4) इस देश के लिए।

(5) इस आशा के साथ।

- End of Question Paper -